# वार्षिक प्रतिवेदन
## वर्ष 2018-19



## नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर


प्रधान कार्यालय : 73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर

फोनः 0751-2371603, 4923201

सहकारः कार्यसाधकः

# बैंक संचालक मण्डल


विनोद सूरी


डॉ. (श्रीमती) कल्पना शर्मा


परमानन्द माहौर


महेन्द्र अग्रवाल


इंजी. राकेश चौहान


डॉ. श्यामाशरण पुरोहित


रमाकांत गौतम


पुरुषोत्तम दास गुप्ता


किशोर माधव घोटणकर


गिरराज अग्रवाल


सुशील कुमार जैन


प्रीतम सिंह बघेल


श्रीमती अपर्णा शर्मा


डॉ. संजय कुमार गुप्ता


संजीव पोतनीस
(प्रतिनिधि राज्य सहकारी संघ, भोपाल)









*राष्ट्रीय गीत के प्रस्तुतीकरण पर मंचासीन संचालक गण, वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बैंक अध्यक्ष एवं सम्मानीय सदस्यगण*

## सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी


*श्री अरूण अग्रवाल, प्रबंध संचालक*


*श्री हरिलाल जाटव, भृत्य*

# नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

प्रधान कार्यालय–73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर–474011
फोन : 0751–2371603, 4923201
e-mail : nsbank2007@rediffmail.com web site : www.nsbgwalior.com

जावक क्र. मुख्या./2019–2020/1–9690 दिनांक 02 सितम्बर 2019

## वार्षिक साधारण सभा की सूचना

माननीय सदस्य महानुभाव,

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 22 सितम्बर 2019, रविवार को दोपहर 4.00 बजे जी. आर. मेडिकल कॉलेज के डॉ. भगवत सहाय सभागार, मांढरे की माता के नीचे, लश्कर, ग्वालियर में निम्न विषयों पर विचारार्थ आयोजित की गई है। इस सभा में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

यदि सभा के लिये नियत समय से आधा घण्टे के भीतर गणपूर्ति न हुई तो सभा (म. प्र. सहकारी समितियां नियम 1962 के नियम – 37(3) के अनुसार) ऐसे दिनांक, समय तथा स्थान के लिये जैसा कि अध्यक्ष घोषित करें, स्थगित हो जायेगी।

## कार्य–सूची

(1) वार्षिक प्रतिवेदन।

(2) वर्ष 2018–2019 के वित्तीय पत्रकों को स्वीकार करना।

(3) वर्ष 2018–2019 का अंकेक्षण प्रतिवेदन यदि प्राप्त हो गया है तो उस पर विचार।

(4) वर्ष 2018–2019 के लाभ विभाजन पर विचार।

(5) वर्ष 2020–2021 हेतु प्रस्तावित वार्षिक बजट की स्वीकृति।

(6) लेखाओं की वैधानिक संपरीक्षा हेतु वर्ष 2019–20 के लिये संपरीक्षक/संपरीक्षक फर्म की नियुक्ति पर विचार।

(7) म.प्र. शासन द्वारा प्रदत्त 7 वें वेतनमान अनुसार बैंक कर्मचारियों को वेतनमान स्वीकृत करने पर विचार।

संचालक मण्डल की आज्ञा से

(भूपेन्द्र भंसाली)
महाप्रबंधक
नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

# वार्षिक प्रतिवेदन

आत्मीय सदस्यगण,

सादर वंदे,

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर की 42वीं वार्षिक साधारण सभा में पधारे सभी सम्मानीय सदस्यों का मैं संचालक मण्डल की ओर से हार्दिक स्वागत करते हुए ईश्वर से मंगलकामना करता हूँ कि सब स्वस्थ्य रहें और दीर्घायु हों तथा बैंक की विकास यात्रा में सहयोगी बनें। बैंक की प्रगति में बैंक के अधिकारी/कर्मचारी, पूर्व संचालकों और आप सभी का तथा वर्तमान संचालक मण्डल के मेरे सहयोगी जो हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करते हैं, के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ और अपेक्षा करता हूँ कि भविष्य में भी सभी का सहयोग एवं आर्शीवाद पूर्ववत मिलता रहेगा। हम अपना कार्य ईश्वर की वंदना एवं आर्शीवाद प्राप्त कर प्रारंभ करते हैं।

मान्यवर! वर्ष 2018–19 में हुई बैंक की प्रगति का लेखा जोखा आपके सामने रखते हुए प्रसन्नता हो रही है। वर्ष 2017–18 में बैंक का शुद्ध लाभ रु. 304.82 लाख था जो वर्ष 2018–19 में बढ़कर रू. 317.50 लाख हो गया। बैंक के संचालक मण्डल ने अपने अंशधारकों को इस वर्ष भी 14 प्रतिशत की दर से लाभांश देने का निर्णय किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि बैंक के अधिकारी/कर्मचारी अपनी मेहनत और निष्ठाभाव से आने वाले वर्षों में भी प्रगति के नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

बैंकिंग क्षेत्र में नित आ रहे नये प्रायवेट बैंकों और विदेशी बैंकों ने प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ा दिया है, इससे पहले शहरी सहकारी बैंकों की प्रतिस्पर्द्धा केवल राष्ट्रीयकृत बैंकों से ही थी लेकिन अब चुनौती और बढ़ गई है। इस चुनौती को हम ''सहकार भावना'' को मजबूत कर मुकाबले को सुगम बना लेंगे। हम जानते हैं इस स्पर्द्धा के दौर में ग्राहकों के प्रति अपनी विश्वसनियता और पारदर्शिता के साथ दिलों को जीता जा सकता है, इसी दिशा में अपने कदम मजबूती के साथ बढ़ा रहे हैं। जब कोई ग्राहक यह कहता है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों से सहकारी बैंक सेवा की दृष्टि से अच्छे है तो आत्मिक प्रसन्नता होती है और यह सब सामूहिक प्रयत्नों का परिणाम है। बदलाव के इस दौर में सहकारिता से नई पीढ़ी को जोड़ना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। युवा पीढ़ी को नई तकनीक आकर्षित करती है, इसलिये हम बैंक को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

संचालक मण्डल ने अपने ग्राहकों और सदस्यों के हितों को सुरक्षित रखने की दृष्टि से समय–समय पर सभी प्रकार के ऋण ब्याजदर को कम किया है, साथ ही जमा पर ब्याजदर बढ़ाई है। घर बनाने के लिये सबसे कम ब्याजदर हमारी बैंक की 8.35 प्रतिशत है, जो अन्य किसी भी बैंक की ब्याजदर के मुकाबले कम है। 425 दिन की सावधि जमा पर सामान्य ग्राहकों को 7 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 7.50 प्रतिशत ब्याज बैंक दे रहा है। अभी हाल ही में बैंक ने किसी भी संस्था के वेतनभोगी कर्मचारियों के लिये जीरो बैलेंस पर खाते खोलने की सुविधा प्रारंभ की है और उसके सुखद परिणाम भी आने लगे हैं। इसी प्रकार से स्मार्ट सेविंग जमा योजना भी शुरू की है। इस योजना में जितने भी दिन ग्राहक पैसा जमा करेगा उसे उतने दिन का ब्याज मिलेगा। खाताधारक को अपने बचत खाते में न्यूनतम रू. 50,000/– जमा रखना अनिवार्य है। स्मार्ट सेविंग जमा योजना में रू. 1,00,000/– तक के जमा शेष पर 4 प्रतिशत, रू. 1,00,000/– से अधिक व रू. 5,00,000/– तक के जमा शेष पर 5 प्रतिशत एवं रू. 5,00,000/– से अधिक के जमा शेष पर 6 प्रतिशत की वार्षिक दर से ब्याज का भुगतान किया जावेगा। स्मार्ट सेविंग जमा योजना खाते में प्रस्तुत हुऐ inward & outward चैक की वापिसी (return) पर कोई चार्ज नहीं लिया जावेगा।

''बिना सहकार नहीं उद्धार'' के मंत्र को ध्यान में रखकर कमजोर वर्ग को सबल बनाने के उद्देश्य से ई–रिक्शा ऋण एवं छोटे–छोटे व्यवसायों को प्रारंभ करने के लिए इस वर्ग को कम ब्याजदर पर ऋण उपलब्ध है। छोटी जमाओं को सुदृढ़ करने एवं प्रोत्साहित करने के लिए दैनिक जमा सर्वमंगल योजना पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हमारी योजना स्व–सहायता समूहों को खड़ा करने और मजबूत करने की है, जिसके माध्यम से हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनमें सहकारिता का भाव जागृत कर सकें। इसी के साथ व्यापारी वर्ग, लघु उद्योग व्यवसायी और शिक्षण संस्थाओं के प्रमुखों से सम्पर्क कर उन्हें बैंक से जोड़ने का अभियान जारी है। संचालक मण्डल पूर्व संचालकों से नियमित रूप से मार्गदर्शन लेता रहता है। बैंक से जुड़े अन्य सहयोगियों अभिभाषकों, मूल्यकांकों, स्वर्णकारों तथा सर्वमंगल एजेंटों से भी संचालक मण्डल सतत सम्पर्क में रहकर बैंक प्रगति की समीक्षा करता है।

Cashless Banking के साथ अपने ग्राहकों को जोड़ने की दृष्टि से A.T.M. Card और उसके द्वारा सभी ई–कामर्स चैनलों पर भुगतान सुविधा उपलब्ध कराना, घर बैठे खाते से किये गये लेनदेन की A/C View जैसी सुविधायें दी जा रहीं हैं। RTGS, NEFT, SMS Alert सुविधायें पूर्व से ही उपलब्ध है। ग्राहकों को जल्द ही IMPS सुविधा का लाभ मिलना शुरू हो जायेगा, जिससे उन्हें अपने लेन–देन में अधिक सुविधा होगी। सुलभ और Cashless भुगतान हेतु बैंक ने

व्यापारी वर्ग को POS मशीन उपलब्ध कराई है। सर्वमंगल योजना के संग्रहकर्ताओं को नित्य संकलन हेतु PIGMY मशीनें भी उपलब्ध कराई गई है ताकि प्रत्येक जमाकर्ता की राशि तत्काल प्रतिदिन उसके खाते में जमा हो सके।

बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित किये जाते है, जिसका लाभ कार्य में परिलक्षित होता है। स्टाफ को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से संचालक मण्डल ने एक योजना ''माह का उत्कृष्ट कर्मचारी'' शुरू की है। इसमें ऐसे चयनित कर्मचारी/ अधिकारी का बैंक शाखा के नोटिस बोर्ड पर एक माह तक छायाचित्र लगा रहेगा तथा उन्हें कैश अवार्ड और प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। इस योजना से कर्मचारियों में उत्कृष्ट कार्य करने की स्पर्द्धा को बल मिला है।

मैं सम्मानीय सदस्यों को बताना चाहता हूँ कि गत साधारण सभा में आपको अवगत कराया था कि संचालक मण्डल ने बैंक शाखाओं का आधुनिकीकरण करने का जो संकल्प लिया था, उस क्रम में नया बाजार एवं शिन्दे की छावनी शाखाऐं आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर नये भवनों में स्थानांतरित हो गई है।

आप सभी सदस्य बन्धुओं से निवेदन है कि यदि आपने अपने खाते की KYC अपडेट नहीं की है तो तत्काल यथा शाखा स्थान जाकर पूर्ण करवाऐं। आपके महत्वपूर्ण सुझावों के लिये आज के सभा स्थल पर सुझाव पेटी रखी गई है, जिसमें आप बैंक की प्रगति हेतु बहुमूल्य सुझाव दे सकते हैं। आगे भी अपने सुझाव बैंक के प्रधान कार्यालय गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर में भेज सकते हैं। बैंक संचालक मण्डल आपके द्वारा दिये गये सुझावों पर अवश्य विचार करेगा एवं आपके द्वारा दिये गये सुझावों के लिये बैंक आपका आभारी रहेगा।

**व्यवसायिक विश्लेषण**

बैंक ने 2018–19 के वित्त वर्ष में देश की अर्थव्यवस्था में परिवर्तन की लहर के साथ विभिन्न प्रतिस्पर्द्धाओं का सामना करते हुए सकारात्मक प्रगति की है, जिसके कुछ संकेतक निम्नानुसार है :–

**प्रगति के चुनिंदा संकेतक** **(राशि लाखों में)**

| मद | 2017–2018 | | 2018–2019 | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | वृद्धि का प्रतिशत | राशि | वृद्धि का प्रतिशत |
| अंश पूंजी | 664.07 | 8.16% | 718.03 | 8.13% |
| स्वामीगत निधियाँ एवं लाभ | 2289.73 | 0.73% | 2598.11 | 13.47% |
| जमा | 25292.20 | 2.47% | 26890.76 | 6.32% |
| कार्यशील पूंजी | 29078.68 | 3.12% | 31052.27 | 6.79% |
| ऋण एवं अग्रिम | 10923.87 | 14.90% | 12327.54 | 12.85% |
| शुद्ध लाभ | 304.82 | 37.41% | 317.50 | 4.16% |

आलोच्य वर्ष में प्रति कर्मचारी व्यवसाय रू. 502.80 लाख रहा है।

**सहकारिता का मुख्य आकर्षण**

आपकी बैंक हमेशा छोटे–छोटे ग्राहकों/ खाताधारकों को आकर्षित करने का केन्द्र रही है। इसका आंकलन निम्न जानकारी से किया जा सकता है :–

**बैंक डिपोजिटस् –** **(as on 31.03.2019)**

| क्रं. | जमा राशि | खाता धारक संख्या | योग के साथ प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | रू. 50000/– तक के डिपोजिट | 33218 | 72.07% |
| 2. | रू. 50001/– से रू. 100000/– तक | 5844 | 12.68% |
| 3. | रू. 100001/– से रू. 200000/– तक | 4026 | 8.74% |
| 4. | रू. 200001/– से रू. 500000/– तक | 2159 | 4.68% |
| 5. | रू. 500001/– से व उससे ऊपर | 844 | 1.83% |
| | योग – | 46091 | |

**ऋण एव अग्रिम –**

| क्रं. | ऋण राशि | खाता धारक संख्या | योग के साथ प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | रू. 50000/– तक के ऋण | 440 | 15.98% |
| 2 | रू. 50001/– से रू. 100000/– तक | 564 | 20.48% |
| 3 | रू. 100001/– से रू. 200000/– तक | 284 | 10.31% |
| 4 | रू. 200001/– से रू. 500000/– तक | 645 | 23.42% |
| 5 | रू. 500001/– से व उससे ऊपर | 821 | 29.81% |
| | योग – | 2754 | |

**निधियां**

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार आलोच्य वर्ष 2018–19 में बैंक की पूंजी पर्याप्तता 16.61% रही है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिये निर्धारित 9% की तुलना में अपने बैंक का प्रतिशत संतोषजनक है। वर्षान्त 31 मार्च 2019 पर बैंक की स्वयं की स्वामीगत शुद्ध निधियां 2598.11 लाख रुपये हैं। आलोच्य वर्ष में बैंक की अंशपूंजी में 53.96 लाख रूपये से वृद्धि होकर

वर्षान्त पर कुल अंशपूंजी 718.03 लाख रूपये एवं सदस्य संख्या 9607 हो गई है।

**ऋण एवं अग्रिम**

आलोच्य लेखा वर्ष में बैंक ने ऋण एवं अग्रिमों को बढ़ाने के लिये प्रयास किया है। कुछ नवीन प्रोडक्ट आपके समक्ष लाते हुए ब्याजदरों में भी कटोती की है। महिला वर्ग को दिये जो रहे ऋणों के कुछ सेक्टर (आवासीय ऋण) में ब्याजदर में कुछ कमी की है, साथ ही साथ मध्यमवर्गीय परिवारों का जीवन सुखमयी व सरल हो इस हेतु ''ई–रिक्शा'' तथा कुछ चुनिंदा व्यापार (फुटकर व्यापार) के लिए ब्याज दरों में काफी कमी लाकर प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया है।

बैंक का जमा ऋण अनुपात बढ़ाने के लिए बैंक ने प्रचार–प्रसार को बढ़ावा दिया है। लेखा वर्ष 2018–19 में बैंक की कुल जमाओं रू. 26890.76 लाख की तुलना में ऋण व अग्रिमों में रू. 12327.54 लाख का शेष रहा हैं।

आप सभी सदस्यों से निवेदन है कि बैंक की ऋण योजनाओं का आवश्यकतानुसार लाभ उठावें एवं अन्य ग्राहकों, मित्रगणों एवं परिचितों को बैंक ऋण योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रेरित करें।

**ऋण वसूली एवं गैर निष्पादक आस्तियां**

वर्तमान में किसी बैंक का NPA जितना कम होगा उतनी ही बैंक को provisioning कम करना पढ़ेगी तथा वित्तीय स्थिति भी सुदृढ़ होगी। अतः ऋणग्रहीता सदस्यों से निवेदन है कि ऋण की वापिसी नियमित रूप से करते रहें जिससे बैंक की लाभप्रदता और बढ़ सके एवं सदस्यगण वसूली प्रक्रिया अन्तर्गत न्यायालयीन कार्यवाही एवं कुर्की–नीलामी जैसी अप्रिय कार्यवाही से बच सकें। जैसा कि आपको ज्ञात ही है कि आपकी बैंक ऋण की नियमित वापिसी करने वाले सदस्यों को प्रोत्साहित करने के दृष्टिकोण से प्रतिवर्ष वार्षिक साधारण सभा में उनको सम्मानित भी करती है। बैंक में लम्बित वसूली प्रकरणों को निपटाने की कार्यवाही में भी तेजी लाये हैं।

वर्षान्त 31 मार्च 2019 पर बैंक की शुद्ध गैर निष्पादक आस्ति 0% रही है एवं कुल गैर निष्पादक आस्तियों की राशि 518.51 लाख रूपये तथा प्रतिशत 4.21% है। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित मानदण्डों के अनुसार सकल व शुद्ध एन.पी.ए. क्रमशः 10% से कम एवं 0% होना चाहिये।

**शासकीय प्रतिभूतियों में विनियोजन**

बैंक संचालक मण्डल ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा–निर्देशों के अनुरूप निवेश नीति स्वीकार कर शासकीय प्रतिभूतियों में विनियोजन किया हुआ है। वर्षान्त 31 मार्च 2019 पर शासकीय प्रतिभूतियों में 6620.91 लाख रूपये का विनियोजन किया हुआ है। आलोच्य वर्ष में शासकीय प्रतिभूतियों के विनियोजन से बैंक को रू. 510.42 लाख ब्याज के रूप में आय प्राप्त हुई है। वर्षान्त पर शेष राशि 6620.91 लाख रूपये में से 2413.75 लाख रूपये की शासकीय प्रतिभूतियाँ विक्रय हेतु श्रेणी में तथा 4207.16 लाख रूपये की शासकीय प्रतिभूतियाँ उनकी देयतिथि तक की श्रेणी में रखी गई हैं। शासकीय प्रतिभूतियों के मूल्यों में दिन प्रतिदिन मौद्रिक नीती एवं परिवर्तनों के कारण उतार–चढ़ाव आता रहा है। इस हेतु बैंक ने विनियोजन उतार–चढ़ाव निधि (IFR) रू. 165.00 लाख का निर्माण किया हुआ है।

**लाभ विभाजन**

बैंक को पिछले वर्ष की तुलना में आलोच्य लेखा वर्ष 2018–19 में 4.16 प्रतिशत की शुद्ध लाभ में वृद्धि हुई है। वर्षान्त 31 मार्च 2019 पर बैंक को कर पूर्व शुद्ध लाभ 439.73 लाख रूपये हुआ। आलोच्य वर्ष का आयकर 122.23 लाख रूपये भुगतान कर विभाजन योग्य शुद्ध लाभ 317.50 लाख रूपये रहा। तथा बैंक को वित्तीय वर्ष 2018–19 में 2583.59 लाख रूपये की कुल आय प्राप्त हुई है जो कि कार्यशील पूंजी का 8.32% है।

संचालक मण्डल ने वर्ष 2018–19 में हुये शुद्ध लाभ रू. 3,17,49,688.16 का विभाजन निम्नानुसार प्रस्तावित किया है, जो कि आज की सभा के विषय बिन्दु क्रमांक (4) पर आपकी स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है :–

| क्रं. | नाम मद | प्रस्तावित राशि |
|---|---|---|
| 1. | रक्षित निधि (न्यूनतम 25%) | 79,37,500.00 |
| 2. | डूबंत एवं संदिग्ध ऋण निधि(न्यूनतम 5%) | 30,11,000.00 |
| 3. | प्रशिक्षण निधी{धारा 43 क (1–क)}(न्यूनतम 2%) | 6,35,000.00 |
| 4. | राज्य संघ अंशदान(न्यूनतम 2 प्रतिशत) | 6,35,000.00 |
| 5. | विनियोजन उतार–चढ़ाव प्रारक्षित निधि(I.F.R.) | 15,00,000.00 |
| 6. | स्वर्ण जयंती समारोह निधि | 5,00,000.00 |
| 7. | विद्युत फिटिंग निधि | 10,00,000.00 |
| 8. | भवन निधि | 65,00,000.00 |
| 9. | कर्मचारी प्रोत्साहन राशि | 4,93,500.00 |
| 10. | लाभांश समानीकरण निधि | 38,348.16 |
| 11. | लाभांश (@ 14 % की दर से) | 94,99,340.00 |
| | योग रूपये | **3,17,49,688.16** |

**अंकेक्षण**

भारतीय रिजर्व बैंक एवं सहकारिता विभाग ने बैंक का वैधानिक अंकेक्षण–कार्य चार्टर्ड एकाउन्टेंट से कराया जाने बावत् नये दिशा–निर्देश दिनांक 08–08–2017 को जारी किये हैं। बैंक की पिछली साधारण सभा दिनांक 22.09.2018 के निर्णय (6) के पालन में वित्तीय वर्ष 2018–2019 से संबंधित वित्तीय पत्रकों का वैधानिक अंकेक्षण चार्टर्ड एकाउन्टेंट फर्म मे. एस. के. लुल्ला एण्ड कम्पनी से पूर्ण कराया जाकर चार्टर्ड एकाउन्टेंट द्वारा ऑडिट रिपोर्ट पर दिनांक 19.08.2019 को हस्ताक्षर किए हैं, जिसे सहकारिता विभाग को प्रस्तुत कर दी गई है। वित्तीय पत्रकों की प्रतियाँ भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल को भी भेज दी गई हैं।

**संपरीक्षक की नियुक्ति**

सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के नियम 49(1)(ज) अनुसार बैंक की संपरीक्षा हेतु संपरीक्षक की नियुक्ति साधारण सभा द्वारा की जानी है। अपनी बैंक म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा–58(1) के द्वितीय परन्तुक की सीमा में नहीं आती है। अतः आयुक्त सहकारिता म.प्र. भोपाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–2020 के वैधानिक अंकेक्षण हेतु चार्टर्ड एकाउन्टेंट की श्रेणीवार सूची जारी हो जाने के पश्चात् ही सूची में पंजीबद्ध चार्टर्ड एकाउन्टेंट से बैंक के वर्ष 2019–20 का वैधानिक अंकेक्षण कराया जाना है।

किन्तु वित्तीय वर्ष 2019–20 के वैधानिक अंकेक्षण हेतु आयुक्त सहकारिता म0प्र0 भोपाल द्वारा अभी तक न तो कोई प्रक्रिया/निर्देश प्रसारित किये हैं और न ही चार्टर्ड एकाउन्टेंट की कोई सूची प्रकाशित की है। जिसके संबंध में आयुक्त सहकारिता म0प्र0 भोपाल से लगातार पत्राचार एवं दूरभाष पर सम्पर्क किया जा रहा है।

अतः उपरोक्त स्थिति में आज की इस वार्षिक साधारण सभा में सभी महानुभाव सदस्यों से निवेदन है कि जैसे ही आगामी दिनों में ''वित्तीय वर्ष 2019–2020 के वैधानिक अंकेक्षण के संबंध में'' आयुक्त सहकारिता म0प्र0 भोपाल द्वारा कोई प्रक्रिया/निर्देश प्रसारित किये जाते हैं और चार्टर्ड एकाउन्टेंट की पैनलों की श्रेणीवार सूची जारी की जाती है। तब नियमानुसार एवं निर्देशानुसार ''वित्तीय वर्ष 2019–2020 के वैधानिक अंकेक्षक की नियुक्ति'' संचालक मण्डल द्वारा कर उक्त कार्यवाही पूर्ण कर ली जावेगी। कृपया अनुमति प्रदान करें।

**सेविवर्ग प्रशिक्षण**

बैंक अधिकारीयों/कर्मचारियों के लिए समय–समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करती है। इसी प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत आलोच्य वर्ष में बैंक के अधिकारियों/कर्मचारियों को बैंक के तकनीकि सलाहकार श्री प्रशान्त पोल द्वारा "Degitization and security aspects in bank" विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। बैंक द्वारा नेफकब नई दिल्ली, भारतीय रिजर्व बैंक तथा सहकारिता विभाग द्वारा समय–समय पर आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों को भेजा जाता रहा है।

**सामाजिक दायित्व**

बैंक ने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन भी आलोच्य वर्ष में विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर किया है जिसके अन्तर्गत नवसंवत्सर के अवसर पर ग्वालियर शहर के मुख्य–मुख्य चौराहो पर ''हिन्दू नववर्ष मंगलमय हो'' के बैनर लगायें हैं। ग्वालियर अंचल की भीषण गर्मी में ग्वालियर रेल्वे स्टेशन पर यात्रियों को शीतल पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने में भी बैंक ने सहयोग किया है। एवं सामाजिक संगठनों/संस्था जैसे कि सेवा भारती सरला विनोद प्रकाश वनवासी छात्रावास ग्वालियर में पुस्तकालय संचालित हेतु एवं सेवा भारती ग्वालियर द्वारा जे. एच. हॉस्पीटल ग्वालियर के परिसर में संचालित आश्रय भवन की मरम्मत/रखरखाव कार्य हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है।

**आभार**

उल्लखित बैंक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण पश्चात् मैं संचालक मण्डल तथा कर्मचारियों की ओर से बैंक की प्रगति के लिऐ बैंक सदस्यों, ग्राहकों के प्रति आभार प्रदर्शित करता हूँ जिन्होनें बैंक की उन्नति और कार्य कुशलता बढ़ाने में रूचि ली तथा अपने बहुमूल्य सुझावों से हमारा मार्गदर्शन करते रहें हैं। सभी महानुभावों एवं संस्थाओं के प्रति कृतज्ञ मन से धन्यवाद ज्ञापित करना भी मैं अपना कर्तव्य मानता हूँ।

भारतीय रिजर्व बैंक, सहकारिता विभाग, नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को–ऑपरेटिव्ह बैंक्स नई दिल्ली, बैंकिंग प्रकोष्ठ सहकार भारती, जिला प्रशासन एवं उन सभी निकायों के पदाधिकारियों, अधिकारियों, व कर्मचारियों के प्रति मैं कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ जिनकी सद्भावना व सहयोग से हमारी बैंक को गरिमापूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है।

जय सहकार ! जय भारत !!

दिनांक : 02 सितम्बर 2019

संचालक मण्डल की ओर से

(विनोद सूरी)
अध्यक्ष

**बिन संस्कार, नहीं सहकार**
**बिन सहकार, नहीं उद्धार**

# नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

| 31-03-2018 को राशि रूपये | क्र. | पूंजी एवं देनदारियां | रूपये | 31-03-2019 को राशि रूपये |
|---|---|---|---|---|
| 6,64,06,900.00 | (1) | अंश पूंजी | | 7,18,02,900.00 |
| | i. | अधिकृत अंशपूंजी<br>सदस्यों के लिये 10,00,000 अंश<br>प्रति अंश मूल्य रू.100/– से रूपये 10,00,00,000/– | | |
| | ii. | उक्त में से –<br>व्यक्तिगत अभिदत्त अंश पूंजी 718029 अंश<br>प्रति अंश मूल्य रूपये 100/–से | 7,18,02,900.00 | |
| 22,89,72,825.61 | (2) | रक्षित एवं अन्य निधियां | | 25,98,10,993.61 |
| | I | रक्षित कोष | 7,53,06,890.00 | |
| | ii | डूबन्त एवं संदिग्ध ऋण निधि | 1,49,89,000.00 | |
| | iii | मानक आस्तियां कोष | 71,00,000.00 | |
| | iv | गैर निष्पादक कोष | 2,00,01,000.00 | |
| | v | भवन निधि | 5,20,00,000.00 | |
| | vi | फर्नीचर फिक्चर्स फण्ड खाता | 1,50,00,000.00 | |
| | vii | विद्युत फिटिंग फण्ड | 1,40,00,000.00 | |
| | viii | कार्यालय उपकरण निधि | 1,50,00,000.00 | |
| | ix | लाभांश समानीकरण निधि | 22,18,419.92 | |
| | x | शिक्षण एवं धर्मादेश्य निधि | 6,51,500.00 | |
| | xi | सदस्य सहयोग कल्याण निधि | 5,88,500.00 | |
| | xii | विनियोजन उतार–चढ़ाव निधि | 1,65,00,000.00 | |
| | xiii | विनियोजन ह्रास प्रावधान | 25,60,000.00 | |
| | xiv | SPECIAL RESERVE | 1,71,00,000.00 | |
| | xv | प्रशिक्षण निधि (u/s 43 क) | 20,14,000.00 | |
| | xvi | excess depreciation fund | 47,81,683.69 | |
| 0.00 | (3) | राज्य भागीदार मूल/सहायक पूंजी में विनियोग | 0.00 | 0.00 |
| 252,92,19,588.11 | (4) | अमानतें एवं अन्य खातें | | 268,90,75,528.38 |
| | i. | चालू खाता | 4,04,31,965.78 | |
| | ii. | बचत खाता | 63,96,15,622.19 | |
| | iii. | सदस्य बचत खाता | 20,41,58,724.41 | |
| | iv. | आवर्ती खाता | 2,42,53,682.00 | |
| | v. | मियादी खाता | 11,62,51,329.00 | |
| | vi. | दोहरी खाता | 1,62,25,24,995.00 | |
| | vii. | सर्वमंगल खाता | 4,18,39,210.00 | |
| 0.00 | (5) | ऋण देना | | 0.00 |
| | i. | आई.डी.बी.आई.बैंक एस.डी.एम.रोड ग्वालियर (OD) | 0.00 | |
| 11,42,269.00 | (6) | बिल्स वसूली योग्य | | 16,25,644.00 |
| | i. | ओ.बी.सी. | 25,644.00 | |
| | ii. | आई.बी.सी. | 0.00 | |
| | iii. | बी.जी.आई. | 16,00,000.00 | |
| **282,57,41,582.72** | | **योग आगे ले गये** | | **302,23,15,065.99** |

# स्थिति विवरण पत्रक 31.03.019 पर

| 31-03-2018 को राशि रूपये | क्र. | सम्पत्तियाँ एवं आस्तियाँ | रूपये | 31-03-2019 को राशि रूपये |
|---|---|---|---|---|
| 2,25,09,565.00 | (1) | नगदी रोकड | 2,78,98,056.00 | 2,78,98,056.00 |
| 81,58,06,130.33 | (2) | अन्य अधिकोषों (बैंकों) में जमा राशि | | 85,08,06,064.68 |
| | | i. चालू खातों में | 10,64,06,064.68 | |
| | | ii. बचत खातों में | 0.00 | |
| | | iii. मियादी खातों में | 74,44,00,000.00 | |
| 0.00 | (3) | अभियाचित एवं अल्पावधि अमानतों में | | 0.00 |
| 90,14,62,543.22 | (4) | विनियोग | | 90,26,13,586.44 |
| | | i. शासकीय प्रतिभूतियों में (GOI & STATE) | 66,20,91,086.44 | |
| | | अ. अंकित मूल्य रूपये 67,00,00,000.00 | | |
| | | ब बाजार मूल्य रूपये 66,85,78,000.00 | | |
| | | ii. अन्य ट्रस्टी सिक्यूरिटीज में | 0.00 | |
| | | iii. सहकारी संस्थाओं की अंशपूंजी में | 500.00 | |
| | | iv. अन्य विनियोजन (NON SLR - Debt./M.M.fund) | 24,05,22,000.00 | |
| 0.00 | (5) | राज्य भागीदार मूल / सहायक पूंजी में विनियोग | 0.00 | 0.00 |
| 109,23,86,539.68 | (6) | ऋण | | 123,27,54,115.02 |
| | | **1 अल्पावधि ऋण, नगद साख सीमा एवं अधिविकर्ष खाता** | 50,07,78,375.02 | |
| | | उपरोक्त में से सुरक्षित ऋण – | | |
| | | अ. शासकीय एवं मान्यता प्राप्त प्रतिभूतियों पर ऋण रूपये 4,63,060.52 | | |
| | | ब. अन्य गोचर प्रतिभूतियों पर ऋण रूपये 49,87,31,450.62 | | |
| | | उपरोक्त में से – | | |
| | | अ. कालातीत ऋण रूपये 3,88,62,775.82 | | |
| | | ब. कालातीत ब्याज रूपये 0.00 | | |
| | | स. डूबन्त एवं संदिग्ध रूपये 49,30,047.50 | | |
| | | **2 मध्यावधि ऋण** | 26,63,23,115.00 | |
| | | उपरोक्त में से सुरक्षित ऋण – | | |
| | | अ. शासकीय एवं मान्यता प्राप्त प्रतिभूतियों पर रूपये 14,33,332.00 | | |
| | | ब. अन्य गोचर प्रतिभूतियों पर रूपये 25,23,85,803.77 | | |
| | | उपरोक्त में से – | | |
| | | अ. कालातीत ऋण रूपये 5,14,25,658.99 | | |
| | | ब. कालातीत ब्याज रूपये 0.00 | | |
| | | स. डूबन्त एवं संदिग्ध ऋण रूपये 52,15,763.30 | | |
| | | **3 दीर्घावधि ऋण** | 46,41,67,198.00 | |
| | | उपरोक्त में से सुरक्षित ऋण – | | |
| | | अ. शासकीय एवं मान्यता प्राप्त प्रतिभूतियों पर रूपये 0.00 | | |
| **283,21,64,778.23** | | **योग आगे ले गये** | | **301,40,71,822.14** |

| 31-03-2018 को राशि रूपये | क्र. | पूंजी एवं देनदारियां | | 31-03-2019 को राशि रूपये |
|---|---|---|---|---|
| 282,57,41,582.72 | | **योग लाया गया** | | 302,23,15,065.99 |
| 0.00 | (7) | शाखाओं पर जमाखर्च | | 0.00 |
| 0.00 | (8) | कालातीत ब्याज कोष (**Overdue Interest Reserve**) | 0.00 | 0.00 |
| 2,07,90,000.00 | (9) | देय ब्याज प्रावधान | 1,73,55,281.00 | 1,73,55,281.00 |
| 3,19,96,247.88 | (10) | अन्य देनदारियां | | 3,54,32,894.59 |
| | i. | लाभांश देय खाता | 1,19,481.00 | |
| | ii. | अंश संदिग्ध खाता | 2,06,500.00 | |
| | iii. | संदिग्ध खाता | 8,95,531.00 | |
| | iv. | पे ऑर्डर इश्यूड खाता | 45,94,961.59 | |
| | v. | सन्ड्रीज खाता | 2,84,98,368.00 | |
| | vi. | लॉकर किराया खाता | 4,591.00 | |
| | vii. | अनपेड लाइबिलिटी – आई.डी.बी.आई. एसडीएम | 2,75,683.00 | |
| | viii. | अनपेड लाइबिलिटी – आई.डी.बी.आई. नया बाजार | 42,836.00 | |
| | ix. | अनपेड लाइबिलिटी – एच.डी.एफ.सी. बैंक | 63,105.00 | |
| | x. | अनपेड लाइबिलिटी – आई.सी.आई.सी.आई. बैंक | 79,577.00 | |
| | xi. | अनपेड लाइबिलिटी – इन्डसन्ड बैंक | 73,999.00 | |
| | xii. | अनपेड लाइबिलिटी – एक्सिस बैंक सिटी सेंटर | 50,867.00 | |
| | xiii. | अनपेड लाइबिलिटी – एक्सिस बैंक मुरार | 54,545.00 | |
| | xiv. | डीफ एकाउंट (ट्रांसफर टू आरबीआई) | 4,68,750.00 | |
| | xv. | TDS Payable on FDRs | 0.00 | |
| | xvi. | GST on ATM Charges | 0.00 | |
| | xvii. | ATM EXCESS CASH | 4,100.00 | |
| | xviii. | GST ON ATM ABOVE LIMIT | 0.00 | |
| 6,02,26,465.27 | (11) | अतिदेय ब्याज प्रारक्षित निधि (N.P.A. खातों पर प्राप्त ब्याज) | 6,70,29,026.27 | 6,70,29,026.27 |
| 1,01,16,146.25 | (12) | DEAF Payable | 1,21,35,848.00 | 1,21,35,848.00 |
| 3,04,82,435.31 | (13) | लाभ – हानि खाता | | 3,17,49,688.16 |
| | i. | वर्ष **2018-2019** | 3,17,49,688.16 | |
| | | कर पूर्व लाभ 4,39,72,593.16 | | |
| | | आयकर राशि (–) 1,22,22,905.00 | | |
| | | लाभ राशि 3,17,49,688.16 | | |
| **297,93,52,877.43** | | **महायोग** | | **318,60,17,804.01** |

( दीपक कुमार हीरानी )
प्रबंधक

( भूपेन्द्र भंसाली )
महाप्रबंधक

स्वच्छ भारत सशक्त भारत

सहकारः कार्यसाधकः

# स्थिति विवरण पत्रक 31.03.2019 पर

| 31-03-2018 को राशि रूपये | क्र. सम्पत्तियाँ एवं आस्तियाँ | रूपये | 31-03-2019 को राशि रूपये |
|---|---|---|---|
| 283,21,64,778.23 | **योग लाया गया** | | 301,40,71,822.14 |
| | ब. अन्यगोचर प्रतिभूतियों पर रूपये 46,41,67,198.00 | | |
| | उपरोक्त में से – | | |
| | अ. कालातीत ऋण रूपये 89,76,000.95 | | |
| | ब. कालातीत ब्याज रूपये 0.00 | | |
| | स. डूबन्त एवं संदिग्ध रूपये 57,06,285.70 | | |
| | 4 कर्मचारी ऋण | 14,85,427.00 | |
| | अ. कर्मचारी आवास ऋण 9,14,852.00 | | |
| | ब. Intt. on staff housing loan 3,74,793.00 | | |
| | ब. कर्मचारी अग्रिम 1,95,782.00 | | |
| 2,06,18,733.46 | (7) प्राप्ति योग्य ब्याज फिक्स डिपोजिट/विनियोग | | 2,79,17,691.25 |
| 6,02,26,465.27 | (8) गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) पर प्राप्य ब्याज | | 6,70,29,026.27 |
| 1,01,16,146.25 | (9) DEAF Receivable | | 1,21,35,848.00 |
| 11,42,269.00 | (10) बिल्स वसूली योग्य | | 16,25,644.00 |
| | i. ओ. बी. आर. | 25,644.00 | |
| | ii. आई.बी.आर. | 0.00 | |
| | iii. बी.जी.आर. | 16,00,000.00 | |
| 0.00 | (11) शाखाओं पर जमा खर्च | 0.00 | 0.00 |
| 1,90,95,109.00 | (12) भूमि एवं भवन (अवक्षयण काटकर) | 2,30,92,500.00 | 2,30,92,500.00 |
| 1,12,40,716.38 | (13) साजसज्जा (अवक्षयण काटकर) | | 1,21,20,902.12 |
| | i. फर्नीचर एण्ड फिक्चर्स | 49,98,250.20 | |
| | ii. विद्युत फिटिंग | 46,00,327.00 | |
| | iii. कम्प्यूटर हार्डवेअर एवं साफ्टवेयर | 25,22,324.92 | |
| 1,20,08,123.84 | (14) अन्य सम्पत्तियां | | 1,41,86,249.23 |
| | i. अन्य सम्पत्तियां (अमानतें) | 1,91,005.64 | |
| | ii. छपाई स्टेशनरी | 1,69,286.25 | |
| | iii. नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प | 4,525.00 | |
| | iv. प्री पेड एक्सपेन्सेस | 7,58,800.00 | |
| | v. डीफ क्लेम रिसिबेबल From आरबीआई | 21,011.00 | |
| | vi. Advance Income Tax & TDS 2018-19 | 91,17,571.00 | |
| | vii. Income Tax Refund receivable of AY 2012-13 | 39,24,050.34 | |
| 4,50,000.00 | (15) नॉन बैंकिंग एसेट्स जो दावों व ऋण की वसूली में प्राप्त की हो | | 4,50,000.00 |
| 1,22,90,536.00 | (16) अन्य लेनदारियां | | 1,33,88,121.00 |
| | i. सन्ड्री डेटर्स | 1,33,88,121.00 | |
| **297,93,52,877.43** | **महायोग** | | **318,60,17,804.01** |

( अरूण अग्रवाल)
प्रबंध संचालक

( विनोद सूरी)
अध्यक्ष

S.K. LULLA & CO. CHARTERED ACCOUNTANTS

FOR M/s. S. K. LULLA & CO.
Chartered Accountants
FRN-0002336C

(KAPIL AHUJA)
(M.No.-405031)

UDIN - 19405031AAAABO5738

| वर्ष 2017–2018 की व्यय राशि रू. | क्र. | व्यय की मद | रुपये | वर्ष 2018–2019 की व्यय राशि रू. |
|---|---|---|---|---|
| 15,03,07,774.75 | 1 | **अमानत एवं ऋण पर ब्याज** | 14,62,36,765.20 | 14,62,36,765.20 |
| 3,81,92,736.00 | 2 | **वेतन एवं भत्ते, भविष्य निधि** | | 3,85,82,100.00 |
| | (i) | वेतन एवं भत्ते | 3,37,57,955.00 | |
| | (ii) | भविष्य निधि | 34,50,273.00 | |
| | (iii) | ग्रेच्यूटी फण्ड | 13,24,449.00 | |
| | (iv) | **Eployee Bonus Expenses** | 49,423.00 | |
| 2,35,897.00 | 3 | **संचालक यात्रा भत्ता, सिटिंग फीस एवं अध्ययन भ्रमण खाता** | 1,67,755.00 | 1,67,755.00 |
| 78,32,644.06 | 4 | **किराया, कर बीमा प्रकाश खाता** | | 97,76,335.20 |
| | (i) | किराया खाता | 25,72,841.00 | |
| | (ii) | बीमा खाता | 28,96,009.00 | |
| | (iii) | पानी एवं प्रकाश खाता | 18,97,111.00 | |
| | (iv) | बैंक प्रोफेशनल टैक्स | 17,500.00 | |
| | (v) | GST Paid on Expenses | 23,49,056.20 | |
| | (vi) | GST Paid to Excise & Customs | 2,449.00 | |
| | (vii) | सम्पत्ति कर | 41,369.00 | |
| 2,23,818.00 | 5 | **कानूनी व्यय खाता** | 2,22,543.00 | 2,22,543.00 |
| 4,25,147.73 | 6 | **डाकतार एवं दूरभाष खाता** | | 4,26,721.19 |
| | (i) | डाकव्यय खाता | 67,576.00 | |
| | (ii) | दूरभाष व्यय खाता | 3,59,145.19 | |
| 3,59,400.00 | 7 | **अंकेक्षण शुल्क खाता** | 2,54,582.00 | 2,54,582.00 |
| 54,44,345.00 | 8 | **सम्पत्तियों पर हृास एवं मरम्मत** | | 45,54,522.25 |
| | (i) | सम्पत्तियों पर हृास व्यय खाता | 41,68,434.83 | |
| | (ii) | पेरीसेबल डेड स्टॉक एवं मरम्मत खाता | 3,86,087.42 | |
| 10,60,829.90 | 9 | **लेखन सामग्री एवं विज्ञापन खाता** | | 8,98,999.88 |
| | (i) | लेखन सामग्री | 5,57,364.80 | |
| | (ii) | विज्ञापन व्यय खाता | 3,41,635.08 | |
| 0.00 | 10 | **गैर बैंकिंग सम्पत्तियों के विक्रय से हानि** | 0.00 | 0.00 |
| 54,28,633.26 | 11 | **अन्य व्यय** | | 60,07,017.22 |
| | **(i)** | विविध व्यय | 6,38,737.68 | |
| | **(ii)** | स्वागत व्यय | 2,85,842.85 | |
| | **(iii)** | साधारण सभा एवं निर्वाचन व्यय | 1,85,252.30 | |
| | **(iv)** | टाइपिंग एवं साइक्योस्टाइल | 23,999.00 | |
| | **(v)** | परिवहन व्यय | 1,80,853.00 | |
| | **(vi)** | समाशोधन गृह व्यय | 1,41,463.10 | |
| | **(vii)** | भृत्य गणवेश व्यय | 64,614.78 | |
| | **(viii)** | कार्यालय साज सज्जा | 3,06,608.10 | |
| | **(ix)** | कम्प्यूटरीकरण व्यय | 10,81,274.67 | |
| **20,95,11,225.70** | | **योग आगे ले गये** | | **20,71,27,340.94** |

# लाभ हानि खाता वर्ष 2018-2019

| वर्ष 2017-2018 की आय राशि रु. | क्र. | आय की मद | रुपये | वर्ष 2018-2019 की आय राशि रु. |
|---|---|---|---|---|
| 23,53,55,226.54 | 1 | **ब्याज एवं छूट** | | 24,38,33,113.45 |
| | | (i) मियादी जमाओं एवं अन्य जमाओं से | 5,73,45,572.00 | |
| | | (ii) शा0 प्रतिभूतियों पर ब्याज | 5,10,41,541.66 | |
| | | (iii) Dividend on investment | 0.00 | |
| | | (iv) Capital Gain | 1,58,64,570.09 | |
| | | (v) ऋण एवं अग्रिम से | 11,95,81,429.70 | |
| 92,768.44 | 2 | **कमीशन विनिमय एवं दलाली** | | 1,22,660.87 |
| | | (i) ओबीसी/ड्राफ्ट कमीशन | 1,22,660.87 | |
| | | (ii) बीमा कमीशन | 0.00 | |
| 0.00 | 3 | **सहायता एवं दान** | 0.00 | 0.00 |
| 0.00 | 4 | **गैर बैंकिंग सम्पत्तियों के विक्रय से लाभ** | 0.00 | 0.00 |
| 1,71,18,622.81 | 5 | **अन्य प्राप्तियां** | | 1,12,00,616.56 |
| | | (i) विविध आय खाता | 1,42,820.92 | |
| | | (ii) जांच शुल्क (जमा) | 1,09,061.84 | |
| | | (iii) प्रक्रिया शुल्क | 14,16,933.52 | |
| | | (iv) लॉकर किराया खाता | 14,77,980.00 | |
| | | (v) इंसीडेंटल चार्जेज खाता | 24,64,122.86 | |
| | | (vi) NPCI एटीएम चार्जेज | 6,05,768.91 | |
| | | (vii) Income Tax Refund (AY 2017-18 & 2012-13) | 39,39,300.34 | |
| | | (viii) ATM Annual Fees | 2,52,378.00 | |
| | | (ix) Income from intt rate revision | 0.00 | |
| | | (x) ATM card above limit charges fee | 58,327.40 | |
| | | (xi) State GST on income | 2,99,639.17 | |
| | | (xii) Central GST on income | 2,99,547.65 | |
| | | (xii) IGST on INCOME | 1,34,735.95 | |
| 7,51,000.00 | 6 | **प्रतिभूतियों के विक्रय से आय** | 32,02,500.00 | 32,02,500.00 |
| **25,33,17,617.79** | | **महायोग** | | **25,83,58,890.88** |

| वर्ष 2017–2018 की व्यय राशि रु. | क्र. | व्यय की मद | रूपये | वर्ष 2018–2019 की व्यय राशि रु. |
|---|---|---|---|---|
| 20,95,11,225.70 | | योग लाया गया | | 20,71,27,340.94 |
| | (x) | कर्मचारी प्रशिक्षण | 87,079.00 | |
| | (xi) | कर्मचारी यात्रा भत्ता | 28,830.00 | |
| | (xii) | सेटलमेंट एण्ड एडवाइजरी चार्जेज | 1,758.20 | |
| | (xiii) | लोक कल्याण चिकित्सा सेवा व्यय | 1,15,000.00 | |
| | (xiv) | सदस्य चिकित्सा व्यय/पुत्र–पुत्री विवाह उपहार व्यय | 8,000.00 | |
| | (xv) | C.B.S. Stabilishment Expenses | 16,53,829.44 | |
| | (xvi) | सहकारी संघ चंदा | 70,000.00 | |
| | (xvii) | Contract Basis Emp. Salary Payment | 10,74,706.78 | |
| | (xviii) | CIC CHARGES | 59,168.32 | |
| 22,00,000.00 | 12 | Special reserve under IT Act 1961 Rule 36(1)(vii a) & chapter VI A | 33,00,000.00 | 33,00,000.00 |
| 5,00,000.00 | 13 | मानक आस्ति प्रावधान | 5,00,000.00 | 5,00,000.00 |
| 0.00 | 14 | गैर निष्पादक आस्तियॉ | 0.00 | 0.00 |
| 16,23,956.78 | 15 | विनियोजन हानि/प्रीमियम परिशोधन | 34,58,956.78 | 34,58,956.78 |
| 90,00,000.00 | 16 | लाभ पर आयकर | | 1,22,22,905.00 |
| | | आयकर अपील निर्धारण वर्ष 2012–13 | 9,38,920.00 | |
| | | आयकर वित्तीय वर्ष 2017–18 | 21,65,670.00 | |
| | | टीडीएस (NCDs) वित्तीय वर्ष 2017–18 | 1,18,315.00 | |
| | | आयकर प्रावधान वित्तीय वर्ष 2018–19 | 90,00,000.00 | |
| 3,04,82,435.31 | 17 | शुभ लाभ शेष | 3,17,49,688.16 | 3,17,49,688.16 |
| **25,33,17,617.79** | | **महायोग** | | **25,83,58,890.88** |

( दीपक कुमार हीरानी )
प्रबंधक

( भूपेन्द्र भसाली )
महाप्रबंधक

( अरूण अग्रवाल)
प्रबंध संचालक

( विनोद सूरी)
अध्यक्ष

S.K. LULLA & CO. * CHARTERED ACCOUNTANTS *

FOR M/s. S. K. LULLA & CO.
Chartered Accountants
FRN-0002336C

(KAPIL AHUJA)
(M.No.-405031)

UDIN - 19405031AAAABO5738

# अंकेक्षण प्रमाण-पत्र

(वर्ष 2018–19)

मैं निम्न हस्ताक्षर कर्ता प्रमाणित करता हूँ कि मैंने नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर जिसका पंजीयन क्रमांक/भोपाल/मुख्यालय/160 दिनांक 28.07.1978 हैं, जो ग्वालियर जिले में स्थित हैं, का अंकेक्षण श्रीमान् पंजीयक (रजिस्ट्रार) महोदय, सहकारी सोसायटी मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा प्रस्तावित विधि से पूर्ण किया गया है।

अधिकोष का पंजीयन प्रमाण–पत्र विधिवत् सही है तथा अधिकोष में सुरक्षित रखा गया है।

मेरे द्वारा नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर का 31 मार्च 2019 तक का स्थिति विवरण पत्रक, लाभ–हानि पत्रक जो उस दिनांक को समाप्त होने वाले वर्ष में लेखों से संबंधित है, तक की जॉच की गयी है, यह स्थिति विवरण पत्रक तथा लाभ–हानि पत्रक बैंक के प्रधान कार्यालय में रखे गये लेखे से व्यवस्थापक के द्वारा बनाये गये है।

अत: मेरे द्वारा प्रस्तुत बैंक अंकेक्षण प्रतिवेदन एवं साथ में संलग्न आक्षेपों तथा स्थिति विवरण पत्रक पर अंकित टीप के आधीन :–

(1) अधिकोष का व्यवसाय आम तौर से अच्छी तरह, विधिवत् तथा ईमानदारी से व उपनियमों, प्रावधानों के अनुसार तथा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम तथा उसके अन्तर्गत बने नियम जो प्रभाव शील है, के अन्तर्गत तथा पंजीयक सहकारी सोसायटी मध्यप्रदेश के प्रशासकीय निर्देशों के अनुसार है जो कि समय–समय पर भेजे गये तथा बैंकिंग रेग्यूलेशन एक्ट की आवश्यकता के अनुरूप किया गया है।

(2) अधिकोष का स्थिति विवरण पत्रक पूर्ण रूप से स्पष्ट है इसमें आवश्यक सभी जानकारी जो अधिकोष के व्यवहार और स्थिति को दर्शाते है का समावेश किया गया है तथा जो जानकारी अधिकोष के खातों में दर्शायी दिखाई देती है वह उसमें सब परिलक्षित होती है।

(3) मुझे जानकारी व स्पष्टीकरण की जब आवश्यकता हुई वह प्राप्त हुई तथा मेरे संतोष के लिये ठीक है।

(4) अधिकोष के व्यवहार जो मेरी जानकारी में आये, वे सभी अधिकोष की कार्यसीमा में किये गये हैं।

(5) अंकेक्षण हेतु जो भी प्रपत्र एवं लेखा बैंक से बुलाये गये या प्राप्त किये गये, सभी सामान्यत: पूर्ण एवं पर्याप्त है।

(6) अधिकोष का लाभ–हानि पत्रक शेष लाभ का सही चित्र प्रस्तुत करता है।

(7) मेरे मत से बैंक के स्थिति विवरण पत्रक एवं लाभ–हानि पत्रक नियमों के अनुसार बनाये गये हैं।

(8) मेरे मत से अधिकोष द्वारा सभी हिसाब नियम की आवश्यकतानुसार रखे गये हैं। अत: मै अधिकोष को पंजीयक (रजिस्ट्रार) सहकारी सोसायटी मध्यप्रदेश द्वारा प्रसारित नियमों में दी गयी कसौटियों के आधार पर वर्ग "A" प्रदान करता हूँ।

ग्वालियर, दिनांक : 19 अगस्त, 2019

FOR M/s. S. K. LULLA & CO.
Chartered Accountants
FRN-0002336C

S.K. LULLA & CO. CHARTERED ACCOUNTANTS

(KAPIL AHUJA)
Partner
(M.No.-405031)

UDIN - 19405031AAAABO5738

# नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

## प्रस्तावित बजट 2020-2021 व्यय मद

(राशि लाखों में)

| स.क्रं. | व्यय मद विवरण | वास्तविक व्यय 31.03.2019 (राशि रूपये) | प्रस्तावित बजट 2019—2020 (राशि रूपये) | वास्तविक व्यय 31.07.2019 (राशि रूपये) | प्रस्तावित बजट 2020—2021 (राशि रूपये) |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | अमानतों पर ब्याज | **1462.37** | **2244.51** | **314.36** | **2247.58** |
| (2) | (अ) वेतन, भत्ते एवं भविष्य निधि | **383.45** | **565.62** | **128.16** | **522.91** |
| | (ब) Tea break expenses | **2.37** | **----** | **0.88** | **----** |
| (3) | भवन किराया | 25.73 | 30.00 | 7.49 | **35.00** |
| (4) | बीमा एवं कर | 28.96 | 60.00 | 17.00 | **50.00** |
| (5) | डाक एवं दूरभाष, फैक्स व्यय | 4.27 | 10.00 | 1.30 | 10.00 |
| (6) | अंकेक्षण शुल्क | 2.54 | 7.00 | 0.21 | 7.00 |
| (7) | मृत स्कंध पर ह्रास एवं मरम्मत | 45.54 | 80.00 | 0.48 | 80.00 |
| (8) | इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्प्यूटरीकरण | 10.81 | 35.00 | 3.18 | **30.00** |
| (9) | पानी एवं प्रकाश | 18.97 | 32.00 | 7.72 | 32.00 |
| (10) | प्रिटिंग, स्टेशनरी एवं फार्म्स | 5.57 | 10.00 | 0.02 | 10.00 |
| (11) | विज्ञापन व्यय | 3.42 | 8.00 | 0.49 | 8.00 |
| (12) | कानूनी व्यय | 2.22 | 5.00 | 0.40 | 5.00 |
| (13) | विविध व्यय | 6.39 | 8.00 | 1.67 | 8.00 |
| (14) | भृत्य गणवेश | 0.65 | 1.50 | 0.29 | 1.50 |
| (15) | परिवहन व्यय | 1.81 | 5.00 | 0.52 | 5.00 |
| (16) | साधारण सभा व्यय एवं निर्वाचन व्यय | 1.85 | 6.00 | 0.00 | **4.00** |
| (17) | इलेक्ट्रोस्टेट | 0.24 | 0.50 | 0.10 | 0.50 |
| (18) | स्वागत व्यय | 2.86 | 4.00 | 0.76 | **5.00** |
| (19) | प्रशिक्षण व्यय | 0.87 | 4.00 | 0.43 | 4.00 |
| (20) | कार्यालय साज सज्जा एवं भवन रखरखाव व्यय | 3.07 | 15.00 | 0.25 | 15.00 |
| (21) | संचालक बैठक एवं यात्रा भत्ता, परिवहन व्यय | 1.68 | 3.50 | 0.46 | 3.50 |
| (22) | कर्मचारी यात्रा भत्ता | 0.29 | 2.00 | 0.05 | 2.00 |
| (23) | लोक कल्याण चिकित्सा /सेवा व्यय | 1.15 | 1.50 | 0.40 | **2.00** |
| (24) | सदस्य चिकित्सा सहायता एवं पुत्र/पुत्री विवाह उपहार व्यय | 0.08 | 1.00 | 0.02 | 1.00 |
| (25) | कार्यक्रम एवं उत्सव व्यय | **0.00** | 2.00 | **0.00** | 2.00 |
| (26) | सेटलमेंट एण्ड एडवाईजरी चार्जेज | 0.02 | 1.00 | 0.01 | 1.00 |
| (27) | C.B.S./A.T.M. Establishment Expenses | 16.54 | 35.00 | 11.94 | 35.00 |
| (28) | Contract Basis Services/Clearing Expenses | 12.16 | 20.00 | 6.21 | **22.00** |
| (29) | SERVICE TAX AND FBT | 0.18 | ---- | ---- | **----** |
| (30) | सम्पत्ति कर खाता | 0.41 | 1.00 | 0.00 | 1.00 |
| (31) | आकस्मिक व्यय | 0.00 | 5.00 | 0.00 | 5.00 |
| (32) | Special reserve under IT act 1961 | 33.00 | 0.00 | 0.00 | ---- |
| (33) | विनियोजन ह्रास/प्रीमियम परिशोधन व्यय | 34.59 | 32.00 | 0.00 | 32.00 |
| (34) | CIC चार्ज | 0.59 | 0.50 | 0.21 | **1.00** |
| (35) | जीएसटी(SGST+CGST+IGST) | 23.51 | 18.00 | 7.34 | **25.00** |
| (36) | सहकारी संघ चंदा व्यय | 0.70 | 4.00 | 0.00 | 4.00 |
| (37) | मानक आस्ति प्रावधान व्यय | 5.00 | ---- | ---- | ---- |
| (38) | **3** से **37** का योग | **295.67** | **447.50** | **68.95** | **446.50** |
| (39) | व्यापारिक लाभ | 439.73 | 374.62 | 130.35 | **477.01** |
| (40) | TAX ON PROFIT 30.9 % | 122.23 | 115.76 | 20.00 | 147.40 |
| (41) | शुद्ध लाभ | **317.50** | **258.86** | **110.35** | **329.61** |
| | कुल योग | **2583.59** | **3632.25** | **642.70** | **3694.00** |

# नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

## प्रस्तावित बजट 2020-2021 आय मद

(राशि लाखों में)

| स. क्रं. | आय मद विवरण | वास्तविक आय 31—03—2019 (राशि रूपये) | प्रस्तावित बजट 2019—2020 (राशि रूपये) | वास्तविक आय 31—07—2019 (राशि रूपये) | प्रस्तावित बजट 2020—2021 (राशि रूपये) |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (अ) फिक्स डिपाजिट पर ब्याज | 573.46 | 624.75 | 137.53 | 656.25 |
| | (ब) शास. प्रतिभूतियों में विनियोजन पर ब्याज | 510.41 | 637.50 | 23.25 | 637.50 |
| | (स) Non-SLRनिवेश पर लाभांश/कैपीटल गेन | 158.65 | 177.00 | 58.52 | 185.25 |
| | (द) कॉलमनी मार्केट से प्राप्त ब्याज | --- | --- | 0.53 | 2.00 |
| (2) | ऋण एवं अग्रिम पर ब्याज | 1195.81 | 2100.00 | 408.93 | 2100.00 |
| (3) | विविध आय | | | | |
| | (अ) ड्राफट एवं ओ.बी.सी. | 1.23 | 3.00 | 0.34 | 3.00 |
| | (ब) लॉकर किराया | 14.78 | 20.00 | 0.22 | 20.00 |
| | (स) अन्य आय | 57.83 | 50.00 | 13.38 | 60.00 |
| (4) | Income Tax Refund | 39.39 | ---- | ---- | ---- |
| (5) | प्रतिभूतियों के विक्रय से लाभ | 32.03 | 20.00 | ---- | 30.00 |
| | कुल योग | **2583.59** | **3632.25** | **642.70** | **3694.00** |

## बैंक सेविवर्ग

### अधिकारी संवर्ग

| | |
|---|---|
| श्री भूपेन्द्र भंसाली | महाप्रबंधक |
| श्री दीपक कुमार हीरानी | प्रबंधक—I |
| श्री महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव | प्रबंधक—I |
| श्री संतोष कुमार शर्मा | प्रबंधक—I |
| श्री प्रमोद गजेन्द्रगडकर | प्रबंधक—II |
| श्री गोपालदास गुप्ता | प्रबंधक—II |
| श्री दीपक हासवानी | प्रबंधक—II |
| श्री संदीप कुमार शर्मा | प्रबंधक—II |
| श्री नीरज दरगड़ | प्रबंधक—III |
| श्री राजेश गुप्ता | प्रबंधक—III |
| श्री प्रमोद नाटेकर | प्रबंधक—III |
| श्री श्रीधर टिकेकर | प्रबंधक—III |
| श्री जयपाल ऊधवानी | प्रबंधक—III |
| सौ. सुनीता खानवलकर | प्रबंधक—III |
| श्री दिलीप कुमार द्विवेदी | प्रबंधक—III |
| श्री रविन्द्र जायसवाल | प्रबंधक—III |
| श्री दीपक जोशी | प्रबंधक—III |
| श्री ऋषिकांत सिंह कौरव | प्रबंधक—III |
| श्री जयंत आवले | सहायक प्रबंधक |
| सौ. अनुपमा सालुंके | सहायक प्रबंधक |
| श्री धर्मेन्द्र वर्मा | सहायक प्रबंधक |
| श्री संजीव घई | सहायक प्रबंधक |
| श्री रमेश जोशी | सहायक प्रबंधक |
| श्री राकेश गोयल | सहायक प्रबंधक |
| श्रीमती स्वाती हजरणीस | सहायक प्रबंधक |
| श्री कमलेश कुमार चौहान | सहायक प्रबंधक |
| श्री लोकनाथ दीक्षित | सहायक प्रबंधक |
| श्री सरनाम सिंह राजौरिया | सहायक प्रबंधक |
| श्रीमती सरोज तिर्की | सहायक प्रबंधक |
| श्रीमती चित्रा माहेश्वरी | सहायक प्रबंधक |

### कार्यालय सहायक संवर्ग

| | |
|---|---|
| श्री रामबाबू दाणी | श्री हनुमान पाण्डेय |
| श्री बृजेश श्रीवास्तव | श्री मनीष अग्रवाल |
| श्री रमेश कुशवाह | श्रीमती आशा सिंह दांगी |
| श्री राजेश कुमार मौहनियां | श्री संजय कुमार कुशवाह |
| श्री प्रीतम सिंह जाटव | श्री सुनील कुमार मराठा |
| श्री दीपक पराडकर | कु. मयूख तारे |
| श्री नारायण सिंह कौशल | श्री ऋषभ गुप्ता |
| डॉ. श्री राकेश कुमार पाण्डेय | कु. रिचा मन्थनकर |
| श्री नृपेन्द्र भारद्वाज | श्रीमती हर्षिता पाठक |
| श्री पवन कुमार गुप्ता | श्री रवि कल्याणकर |
| श्रीमती दीपा गुप्ता | कु. लोचन सूरी |
| श्रीमती मोनाली इंगले | श्री कुमार गौरव पाराशर |
| श्रीमती दीपमाला गुप्ता | श्री सन्नी गुप्ता |
| श्री देवेन्द्र कुमार जैन | श्री अतुल कुमार शर्मा |
| श्री सतेन्द्र कुमार शर्मा | |

### भृत्य संवर्ग

श्री अजय बांदिल
श्री रूपसिंह यादव
श्री अभय कुमार झांसीकर
श्री अमर सिंह आदिवासी
श्री आनन्द कुमार शर्मा
श्री प्रवीण नामजोशी
श्री प्रदीप गोयल
श्री अरूण कुमार शाक्य
श्री पवन कुमार गांगिल
श्री राजेश कुमार सविता
श्री विवेक भार्गव
श्री मनोज कुमार सूर्यवंशी
श्री संजय सिंह कुशवाह
श्री हरीश पराडकर

### सुरक्षा गार्ड

श्री रघुवीर सिंह
श्री रमेशचन्द्र तिवारी

### सर्वमंगल एजेन्ट

श्री शिवनारायण गुप्ता
श्री राकेश अग्रवाल
श्री पदम कुमार पहिलाजवानी
श्री दिलीप कुमार गुप्ता
श्री आशीष पाण्डेय
श्री गुलशन दुबे
श्री हरीश रजक

# नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

## बैंक की तुलनात्मक वित्तीय स्थिति

(राशि लाखों में)

| स. क्र. | विवरण | 31.03.2015 की स्थिति | | 31.03.2016 की स्थिति | | 31.03.2017 की स्थिति | | 31.03.2018 की स्थिति | | 31.03.2019 की स्थिति | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | राशि | वृद्धिदर | राशि | वृद्धिदर | राशि | वृद्धिदर | राशि | वृद्धिदर | राशि | वृद्धिदर |
| 1 | अंश पूंजी | 542.39 | 6.14% | 580.68 | 7.06% | 613.98 | 5.73% | 664.07 | 8.16% | 718.03 | 8.13% |
| 2 | रक्षित निधि | 500.00 | 13.34% | 570.02 | 14.00% | 620.67 | 8.89% | 676.53 | 8.99% | 753.07 | 11.31% |
| 3 | अन्य आरक्षित निधियॉं | 1454.84 | 2.32% | 1572.94 | 8.12% | 1652.57 | 5.06% | 1613.20 | - 2.38% | 1845.04 | 14.37% |
| 4 | Networth | 1788.79 | 9.41% | 1944.17 | 8.69% | 2046.05 | 6.24% | 2209.51 | 7.99% | 2417.15 | 9.40% |
| 5 | कुल अमानतें<br>1. चालू+बचत जमाऐं<br>2. सावधि जमाऐं | 6713.28<br>12344.64 | | 7328.15<br>13741.95 | | 9361.28<br>15321.65 | | 8749.68<br>16542.52 | | 8842.06<br>18048.70 | |
| | कुल योग | **19057.92** | 6.97% | **21070.10** | 10.56% | **24682.93** | 17.15% | **25292.20** | 2.47% | **26890.76** | 6.32% |
| 6 | ऋण एवं अग्रिम | 7911.11 | 5.26% | 8930.05 | 12.88% | 9507.08 | 6.46% | 10923.87 | 14.90% | 12327.54 | 12.85% |
| 7 | जमा ऋण अनुपात | 100:41.51 | | 100:42.38 | | 100:38.52 | | 100:43.19 | | 100:45.84 | |
| 8 | कुल व्यवसाय | 26969.03 | 6.46% | 30000.15 | 11.24% | 34190.01 | 13.97% | 36216.07 | 5.93% | 39218.30 | 8.29% |
| 9 | कुल कार्यशीलपूंजी | 22447.98 | 6.51% | 24683.33 | 9.96% | 28199.42 | 14.24% | 29078.68 | 3.12% | 31052.27 | 6.79% |
| 10 | कुल निवेश राशि (Investment) | 12926.71 | 5.06% | 14003.71 | 8.33% | 16854.51 | 20.36% | 16189.63 | - 3.94% | 16470.14 | 1.73% |
| 11 | सीआरएआर | 16.48% | | 15.47% | | 16.52% | | 16.46% | | 16.61% | |
| 12 | आयकर पूर्व लाभ | 396.67 | 18.55% | 296.18 | -25.33% | 325.56 | 9.92% | 394.82 | 21.27% | 439.73 | 11.37% |
| 13 | शुद्ध लाभ | 278.67 | 19.04% | 201.40 | -27.73% | 221.83 | 10.14% | 304.82 | 37.41% | 317.50 | 4.16% |
| 14 | कुल कार्यशीलपूंजी से शुद्ध लाभ का% | 1.24% | | 0.82% | | 0.79% | | 1.05% | | 1.02% | |
| 15 | सकल एनपीए | 236.24 | -12.90% | 261.43 | 10.66% | 301.34 | 15.26% | 339.34 | 12.61% | 518.51 | 52.80% |
| 16 | सकल एनपीए का कुल ऋण से प्रतिशत | 2.99% | | 2.93% | | 3.17% | | 3.11% | | 4.21% | |
| 17 | निवल एनपीए | 0% | | 0% | | 0% | | 0% | | 0% | |
| 18 | सदस्य संख्या | 8703 | 2.21% | 8890 | 2.15% | 9082 | 2.16% | 9343 | 5.14% | 9607 | 2.83% |
| 19 | जमा खाता संख्या | 58640 | 9.21% | 48335 | -17.57% | 47562 | -1.60% | 46265 | -2.73% | 46091 | -0.38% |
| 20 | ऋण एव अग्रिम खाता संख्या | 2988 | - 5.38% | 2862 | -4.22% | 2660 | -7.06% | 2784 | 4.66% | 2754 | -1.08% |
| 21 | बैंक कर्मचारी संख्या | 73 | | 71 | | 71 | | 68 | | 78 | |
| 22 | प्रति कर्मचारी व्यवसाय | 369.44 | 7.92% | 422.54 | 14.37% | 481.55 | 13.97% | 532.59 | 10.60% | 502.80 | -5.59% |
| 23 | व्यवस्थापन व्यय राशि | 457.22 | 11.75% | 479.43 | 4.86% | 561.00 | 17.01% | 592.03 | 5.53% | 608.91 | 2.85% |
| 24 | कुल कार्यशील पूंजी से उसका प्रतिशत | 2.04% | | 1.94% | | 1.99% | | 2.04% | | 1.96% | |

# अन्य गतिविधियाँ





''महामहिम राज्यपाल - त्रिपुरा'' माननीय श्री कप्तान सिंह सौलंकी जी का बैंक में अगवानी करते हुए बैंक अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक तथा शाखा सिटी सेन्टर का अवलोकन



शाखा - नया बाजार के नवीन भवन में स्थानांतरण अवसर पर मंचासीन अतिथिगण एवं उपस्थित बैंक सदस्य, खाताधारक





शाखा - शिंदे की छावनी के नवीन भवन में स्थानांतरण अवसर पर दीप प्रज्जवलन एवं ए.टी.एम. का लोकार्पण करते हुए माननीय श्री विवेक शेजवलकर - महापौर ग्वालियर तथा उपस्थित सदस्यगण, खाताधारक

## प्रशिक्षण कार्यक्रम





एस.बी.आई. के सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक श्री प्रहलाद सबनानी, अधिकारियों/कर्मचारियों का मार्गदर्शन करते हुए एवं बैंक अध्यक्ष स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए




ग्वालियर संभाग की शहरी सहकारी बैंकों के सेविवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारीगण एवं अधिकारी, कर्मचारी

# ग्राहक सम्मेलन





बैंक की शाखा - सिटी सेन्टर में आयोजित ग्राहक सम्मेलन/संगोष्ठी में उपस्थित खाताधारक, ग्राहक एवं अतिथि




बैंक शाखा - लोहा मण्डी ओल्ड ग्वालियर में आयोजित ग्राहक सम्मेलन में उपस्थित खाताधारक, ग्राहक एवं अतिथि



वर्ष 2018-19 का उत्कृष्ठ शाखा पुरस्कार प्राप्त करते हुये सिटी सेन्टर शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण

## नियमित ऋण अदायगी पर सम्मानित करते हुए संचालकगण



श्री राम लाल शर्मा - शाखा नया बाजार



श्री राजेश माखीजा - शाखा लाला का बाजार



श्री ओम प्रकाश वैश्य - शाखा सिटी सेन्टर



श्री ब्रजेश सिंह कुशवाह - शाखा शिन्दे की छावनी

Welcome Offset Printers,
Gwalior #9425338811